पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 01, सतना

PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA NO.1, SATNA (M.P.)

ट्रांसपोर्ट नगर के पास रीवा रोड , सतना

Near Transport Nagar, Rewa Road, Satna 485001

CBSE Affiliation No: 1000050 School Code: 54118, UDISE No.: 23130720721

E-Mail: satna1@kvsrojabalpur.in Website: https://no1satna.kvs.ac.in Tel: 07672-292010

फा./के.वि.1 सतना/2026-27 दिनांक: 25/11/2026

निविदा सूचना

सभी इच्छुक एवं पात्र संस्थाओं/व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1, सतना में अनुपयोगी घोषित कर बट्टे खाते में डाली गई **कम्प्यूटर एवं कम्प्यूटर से संबंधित अन्य सामग्री** को **"जहाँ है, जैसा है" (As is Where is Basis)** के आधार पर विक्रय किए जाने हेतु सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। उक्त सामग्री विद्यालय परिसर में उपलब्ध है। इच्छुक निविदादाता सामग्री की स्थिति एवं मात्रा का अवलोकन विद्यालय परिसर में उपस्थित होकर कर सकते हैं तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपनी सीलबंद निविदा जमा कर सकते हैं।

सामग्री के निरीक्षण एवं सीलबंद निविदा जमा करने के संबंध में अधिक जानकारी हेतु अधिकृत संपर्क व्यक्ति का विवरण निम्नानुसार है:

आधिकारिक व्यक्ति	श्री प्रमोद कुमार गुप्ता पी.जी.टी. (कम्प्यूटर साइंस) पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1, सतना (म.प्र.) मोबाइल नंबर: 9932723366
सामग्री का निरीक्षण एवं निविदा जमा करने का समय:	विद्यालय के कार्यदिवसों में दिनांक **26-11-2026 से 05-12-2026 तक, दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे**
निविदा की जानकारी हेतु	https://no1satna.kvs.ac.in/en/updates/
निविदा फॉर्म प्राप्ति स्थान एवं निविदा जमा करने का स्थान	पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1, सतना (म.प्र.)
सीलबंद निविदा जमा करने की अंतिम तिथि /समय	05-12-2026 दोपहर 03:00 बजे तक
विद्यालय द्वारा निविदा खोलने की तिथि /समय	05-12-2026 दोपहर 03:10 बजे

निविदा की शर्तें एवं नियम

1. **पात्रता:** कम्प्यूटर एवं कम्प्यूटर से संबंधित अन्य सामग्री क्रय करने हेतु इच्छुक संस्था/व्यक्ति के पास वैध E-Waste Collection Permission होना अनिवार्य है। उक्त अनुमति-पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति निविदा फॉर्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. **निविदा फॉर्म:** केवल पूर्ण रूप से भरे हुए निविदा फॉर्म ही स्वीकार किए जाएंगे। निविदा फॉर्म में किसी भी प्रकार की काट-छाँट, ओवरराइटिंग अथवा सफेदा (Correction Fluid) का प्रयोग स्वीकार्य नहीं होगा। अपूर्ण अथवा निर्धारित शर्तों के अनुरूप न पाए जाने वाले निविदा फॉर्म निरस्त कर दिए जाएंगे।
3. **सामग्री का निरीक्षण:** इच्छुक संस्था / व्यक्ति विद्यालय के कार्यदिवसों में दिनांक 26-11-2026 से 05-12-2026 तक दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे के मध्य विद्यालय परिसर में उपस्थित होकर सामग्री की स्थिति का निरीक्षण कर सकते हैं।
4. **बोली एवं विक्रय:** सामग्री का विक्रय सर्वाधिक बोली लगाने वाली पात्र संस्था/व्यक्ति को किया जाएगा। संपूर्ण सामग्री के लिए एकमुश्त बोली लगाना अनिवार्य होगा। किसी भी स्थिति में आंशिक बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। विद्यालय को किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
5. **भुगतान:** सफल निविदादाता को विद्यालय द्वारा सूचना दिए जाने की तिथि से दो दिवस के भीतर संपूर्ण राशि का भुगतान करना अनिवार्य होगा। भुगतान NEFT/RTGS अथवा Demand Draft (DD) के माध्यम से किया जा सकेगा।
6. **पता प्रमाण:** निविदा प्रस्तुत करने वाली संस्था/व्यक्ति को अपने वैध पते के प्रमाण की स्वप्रमाणित छायाप्रति निविदा फॉर्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. **वापसी संबंधी शर्त:** विद्यालय द्वारा विक्रय की गई सामग्री किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं ली जाएगी। निविदादाता सामग्री की स्थिति का निरीक्षण करने के पश्चात ही बोली प्रस्तुत करें।
8. **विवाद का निपटारा:** इस निविदा प्रक्रिया अथवा सामग्री के विक्रय से संबंधित किसी भी विवाद की स्थिति में प्राचार्य, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1, सतना का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
9. **सामग्री उठाने की समय-सीमा:** सफल निविदादाता को विद्यालय द्वारा सूचना दिए जाने की तिथि से पाँच दिवस के भीतर संपूर्ण सामग्री अपने व्यय एवं व्यवस्था पर विद्यालय परिसर से उठाकर ले जाना अनिवार्य होगा। निर्धारित अवधि में सामग्री न उठाए जाने की स्थिति में विद्यालय नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु स्वतंत्र होगा।

4/6/26

प्राचार्य

प्राचार्य/Principal
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.-1, सतना
PM Shri Kendriya Vidyalaya No. 1, SATNA